Class No. : ................................

SSE 05

Name : ........................................

# SECOND YEAR HIGHER SECONDARY SECOND TERMINAL EVALUATION, DECEMBER 2019

## Part – II

## HINDI

**Maximum : 80 Scores**

Time : 2½ Hours

Cool-off Time : 15 Minutes

*उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :*

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

Score

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

इक कमरेवाली झोंपडी में
बच्चों के सो जाने पर
मैं अपनी मन-दीवार पर
अपना विस्तृत घर खींचने लगी ।
खाने-पीने-सोने के
अलग-अलग कमरे,
रसोई यदि बैठक के
निकट रखती तो
पूजा का कमरा कहाँ होगा ?

1. यह किस कविता का अंश है ? **(1)**
(मातृभूमि, आदमी का चेहरा, सपने का भी हक नहीं)

2. स्त्री अपने घर में कौन-कौन से कमरे बनवाना चाहती है ? **(1)**

3. कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें । **(6)**

Score

4. **सूचना : तालिका से सही हिंदी शब्द चुनकर मिलान करें :** (8)

| | |
|---|---|
| Affidavit | उपकर |
| Borrower | पारिस्थितिकी |
| Cess | औसत |
| Average | प्रतिमान |
| Ecology | रेखागणित |
| Geometry | शपथपत्र |
| Blood pressure | उधारकर्ता |
| Pattern | रक्तचाप |

**सूचना : 5 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें ।** (3×2=6)

5. 'उनके आगमन की स्मृति में हिंदी महापर्व का आयोजन हो रहा है ।' किनके आगमन की स्मृति में सूरीनाम में हिंदी महापर्व का आयोजन हो रहा है ?

6. 'तेरी ही यह देह, तुझी से बनी हुई है ।' हर भारतवासी की देह किससे बनी हुई है ?

7. 'कल रजिस्ट्री के बाद वह ज़मीन अपनी कहाँ रह जाएगी ।' रजिस्ट्री के पहले पिताजी को खेत देखने की इच्छा हुई । क्यों ?

8. 'कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहु नाहिं डरीं ।' कृष्ण का मुरलीगान सुनकर गोपिकाएँ किससे नहीं डरीं ?

**सूचना : 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखें ।** (4×4=16)

9. हाइकू पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

   नभ गुँजाती
   नीड गिरे शिशु पै
   मँडराती माँ

10. 'ये दोस्ती .....
    हम नहीं तोडेंगे' – दोस्ती जीवन का अभिन्न अंग है । 'दोस्ती' फिल्मी गीत के आधार पर अपना मत प्रकट करें ।

11. 'अगले दिन रजिस्ट्री तक पिताजी खामोश रहे । मेहमानों के सामने भी औपचारिकता निभाना कठिन हो गया था ।'
    उपर्युक्त वाक्य के आधार पर पिताजी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

12. 'अगर मैं मान जाऊँ तो वह अपनी लड़की को यहाँ ले आए ।' मुरकी के बाप ने राजवंती से क्या विनती की ?

Score

13. जीवन-वृत्त पढ़ें और अमृता प्रीतम के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

| जीवन-वृत्त | | |
|---|---|---|
| नाम | : | अमृता प्रीतम |
| जन्म | : | 31 अगस्त 1919 |
| जन्म स्थान | : | गुजरांवाला, पंजाब |
| रचनाएँ | : | पिंजर, कोरे कागज़, कहानियों के आँगन में, कहानियाँ जो कहानियाँ नहीं है, चुनी हुई कविताएँ |
| पुरस्कार | : | ज्ञानपीठ, पद्म विभूषण |
| मृत्यु | : | 31 अक्तूबर 2005 |

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न संख्या 14 और 15 के उत्तर लिखें ।**

हमारे घर किस लिए, अपने घर, अपनी इसी कोठरी में । मैं ने जिस दिन इसको यह कोठरी दी थी, इसके साथ वायदा किया था कि मैं अपने जीते-जी इसको कभी काम से जवाब नहीं दूँगी और न मेरा कुमार जवान होकर इसको कभी इस कोठरी से निकालेगा ।

कुमार का मन भर आया, पर वह मर्द था, उसकी आँखों का पानी आँखों में ही रहा । राजवंती की आँखें छलक पडीं ।

14. कुमार की माँ ने क्या प्रण लिया ? **(2)**

15. गद्यांश का संक्षेपण करें और शीर्षक दें । **(6)**

**सूचना : 16 से 19 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें ।** **(3×6=18)**

16. 'मगर नींद के
खुलने के पूर्व ही नोटीस
बैंक की आ धमकी सपने में ।'

"सपने का भी हक नहीं" कविता की औरत अपनी दयनीय स्थिति को सूचित करके अपने मित्र को एक पत्र लिखती है । वह पत्र कल्पना करके लिखें ।

**सहायक संकेत**
* अपना सपना
* घर का वातावरण
* बैंक की नोटीस

17. 'पिताजी के सूखे आँसुओं को कौन देख सकता था । कौन सुन सकता था उनके निःशब्द विलाप को ।'
पिताजी की हालत के बारे में बेटा और मित्र के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।

**सहायक संकेत**
* ज़मीन के प्रति पिताजी का लगाव
* बेटी की शादी
* बढ़ती दहेज प्रथा

Score

18. सातवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने के लिए हिमांशु जोशी पारामारिबो पहुँचे । सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के बाद लेखक उस दिन की डायरी लिखता है । वह डायरी कल्पना करके लिखें ।

**सहायक संकेत** * सम्मेलन का अनुभव
* राष्ट्रपति का भाषण
* हिंदी का प्रचार
* हिंदी फिल्मों की भूमिका

19. निम्नलिखित अंग्रेज़ी खंड़ का हिंदी में अनुवाद करें ।

Books are our best companion. Millions of life has been changed by books. We learn and understand more things by reading. Good books improve our standard of living.
(Companion = साथी, Millions = लाखों, Improve = सुधार, Learn = सीखना, Understand = समझना, Standard of living = जीवन स्तर)

**सूचना : 20 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें ।** **(2×8=16)**

20. 'कुमार का मन भर आया, पर वह मर्द था, उसकी आँखों का पानी आँखों में ही रहा ।' कुमार अपना दुख आत्मकथा में सूचित करता है । वह आत्मकथांश 100-120 शब्दों में तैयार करें ।

**सहायक संकेत** * मुरकी को राजवंती के यहाँ आश्रय मिलना
* पति के साथ नई ज़िन्दगी
* मुरकी का वापस आना
* माँ का प्रण

21. बाज़ार में एक नयी 'साड़ी सेंटर' का उद्घाटन होनेवाला है । उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

**सहायक संकेत** * बट्टा (Discount)
* फैशन (Fashion)
* विविधता (Variety)
* दाम (Price)

22. अपने विद्यालय के पारिस्थितिक क्लब (Nature club) में प्रस्तुत करने के लिए 'बाढ़ (Flood) : केरल की एक भीषण समस्या' विषय पर भाषण तैयार करें ।

**सहायक संकेत** * पर्यावरण प्रदूषण
* प्रकृति का शोषण
* बाँध का निर्माण (Dam construction)
* अवैज्ञानिक निर्माण (Unscientific construction)

---